अ़ॅहदे नबवी के क़बाइली और जंगी कल्चर में जब हर क़बीला हमा वक़्त जंग करने के लिये तय्यार रॅहता था, हिजरते मदीना के बा'द ता दमे विसाल ह़ुज़ूर नबिय्ये अकरम ﷺ और आप के सह़ाबा को मज्मूई त़ौर पर तक़रीबन साठ (60) या अस्सी (80) छोटी बड़ी जंगों का सामना करना पड़ा, मगर दिलचस्प बात येह है कि इन तमाम जंगों में से एक जंग भी जारेह़िय्यत की सूरत में नहीं हुई। येह तमाम की तमाम जंगें मुदाफ़िआ़ना थीं। आप ﷺ ने अपनी ज़िन्दगी के आख़िरी सालों में एक दो जगहें मुम्किना जारेह़िय्यत को रोकने के लिये (preemptive defensive wars) लड़ें; एक उस वक़्त जब आप ﷺ बा वुषूक़ ज़राएअ़ से पुख़्ता यक़ीन हो गया कि ख़ैबर के लोग आप ﷺ पर ह़म्ला आवर होने वाले हैं और दूसरी आप ﷺ की ज़िन्दगी के आख़िरी साल जब आप को इत्त़ेलाअ़ दी गई कि शामी अफ़्वाज मुसलमानों

पर ह़म्ला करने के लिये जम्अ़ हो रही हैं। इन दोनों मवाक़ेअ़ पर आप ﷺ ने पेश बन्दी के त़ौर पर मुदाफ़िआ़ना ह़िक्मते अ़मली इख़्तियार की। इस त़रह़ आप ﷺ ने अपनी पूरी ह़याते त़य्यिबा में हमेशा दिफ़ाई ह़िक्मते अ़मली अपनाई और कभी किसी पर ह़म्ले में पॅह़ल नहीं की।

यहाँ पर निहायत ग़ौर त़लब और दिलचस्प बात येह है कि मक्का के उस दौर में, जब मुसलमानों को भी अपने दिफ़ाअ़ और ह़िफ़ाज़त के लिये मुसल्लॅह़ जिद्दो जॅहद की इजाज़त नहीं थी, जिस ज़माने में हर रोज़ किसी न किसी सह़ाबी को मक्का के गली कूचों और चौक चौराहों में या तो कोइलों पे लिटाया जा रहा था या फिर कोड़ों से पीटा जा रहा था, इन कर्बनाक ह़ालात में ह़ुक्मे जिहाद पर मुश्तमिल पाँच आयाते जिहाद[1] नाज़िल हुई मगर उन में से किसी एक में भी मुदाफ़िआ़ना जंग तक की इजाज़त न थी।

11. जिहाद और क़िताल में फ़र्क़

लफ़्ज़े जिहाद और क़िताल एक दूसरे की जगह इस्ते'माल करने वालों और इन दोनों अल्फ़ाज़ को एक दूसरे का मुतबादिल समझने वालों को मा'लूम होना चाहिये कि क़ुरआन ह़कीम में सूरतुल फ़ातिह़ा से सूरतुन्नास तक किसी एक आयत में भी जिहाद और क़िताल के दोनों अल्फ़ाज़ या दोनों ह़ुक्म एक जगह इकट्ठे बयान न करने की ह़िक्मत ही दोनों के दरमियान फ़र्क़ को

---

(1) الفرقان، ۲۵:۵۲
العنکبوت، ۲۹:۶
العنکبوت، ۲۹:۸
العنکبوت، ۲۹:۶۹
لقمان، ۳۱:۱۵

येह तमाम आयात इसी बाब में चन्द सफ़ह़ात पीछे ज़िक्र की जा चुकी हैं।

क़ाइम रखना है ताकि लोग दोनों इस्तेलाहात या तसव्वुरात में ख़ल्त मल्त न कर बैठें। और दोनों (जिहाद और क़िताल) को एक दूसरे का हम मा'ना या मुतबादिल न समझ बैठें। लफ़्ज़ क़िताल जंग के मा'ना में इस्ते'माल होता है जबकि लफ़्ज़ जिहाद का मफ़्हूम बॉहत वसीअ़ है। क़ुरआन ह़कीम में जंग, ख़्वाह दिफ़ाअ़ के लिये क्यूँ न हो लफ़्ज़ जिहाद का ना गुज़ीर और लाज़िमी मा'ना नहीं है। बद क़िस्मती से येह इस्तेलाह़ इन्तेहा पसन्दों और दॅहशत गर्दों ने hijack कर रखी है। वोह अपनी मुजरिमाना और दॅहशत गर्दाना कार रवाइयों के लिये और बनी नौए इन्सान को हलाक करने के लिये इस इस्तेलाह़ का ग़लत इस्ते'माल व इत़्लाक़ (wrong application) करते हैं। मज़ीद बर आँ इस्लामी ता'लीमात के मुताबिक़ क़िताल का मत़्लब भी ज़ालिमाना और जारेह़ाना लड़ाई नहीं बल्कि ह़क़ और इन्साफ़ पर मब्नी जाइज़ (lawful) जंग है जो UN की दी हुई Definition के ऐन मुताबिक़ है और जसे आ़लमी क़ानून (International law) भी जाइज़ क़रार देता है। बल्कि येह जंग ज़ुल्मो सितम और जब्रो इस्तिबदाद के ख़ातिमे और अम्न अमान की बह़ाली के लिये लड़ी जाती है।

12. जिहाद और ह़र्ब में फ़र्क़

अ़रबी ज़बान में लफ़्ज़ 'ह़र्ब' के बीसियों मुतरादिफ़ात हैं लेकिन येह लफ़्ज़ मक़ासिदे जंग को ज़ियादा बेहतर त़रीक़े से वाज़ेह़ करता है। अ़रबों की लड़ाइयाँ आ़म त़ौर पर दो मक़ासिद के लिये होती थीं: एक लूट मार के लिये और दूसरे नस्ली तफ़ाख़ुर, ग़ैरत व ह़मिय्यत और इन्तेक़ामी कार रवाइयों के लिये। लफ़्ज़ ह़र्ब इन दोनों मक़ासिद के लिये बपा की जाने वाली लड़ाइयों के मुह़र्रिकात और मक़ासिद का एक बलीग़ इस्तेआ़रा है और अपना मफ़्हूम पूरी त़रह़ वाज़ेह़ और रौशन करता है।

ख़ुद अ़रबी ज़बान में जंग के लिये 'ह़र्ब' का लफ़्ज़ इस्ते'माल किया गया है। तसव्वुरे ह़र्ब, भी तसव्वुरे जिहाद से अपने मफ़्हूम के ए'तेबार से बॉहत मुख़्तलिफ़ है, इसी लिये जिहाद पर ह़र्ब का इत़्लाक़ नहीं किया गया। जंग या'नी ह़र्ब फ़ित्नों की परवरिश करती है जबकि जिहाद फ़ित्ना व फ़साद को ख़त्म करने के लिये किया जाता है। जिहाद के मक़ासिद दुन्या की जारेह़ाना या तौसीअ़ पसन्दाना जंगों से क़त़्ई मुख़्तलिफ़ हैं। क़ुरआन मजीद में लफ़्ज़ 'حرب' छे मक़ामात पर इस्ते'माल किया गया है। एक के सिवा कहीं भी इस से जिहाद का मफ़्हूम मुतरश्शिह़ नहीं होता। ज़ैल में हम लफ़्ज़ ह़र्ब के मफ़्हूम को समझने के लिये क़ुरआन की मुख़्तलिफ़ आयात का मुत़ालआ़ करते हैं:

1. फ़रमाने बारी तआ़ला है:

يٰاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوا اتَّقُوا اللّٰهَ وَذَرُوْا مَا بَقِيَ مِنَ الرِّبٰوا اِنْ كُنْتُمْ مُّؤْمِنِيْنَ۝ فَاِنْ لَّمْ تَفْعَلُوْا فَاْذَنُوْا بِحَرْبٍ مِّنَ اللّٰهِ وَرَسُوْلِهٖ.[1]

ऐ ईमान वालो! अल्लाह से डरो और जो कुछ भी सूद में से बाक़ी रॅह गया है छोड़ दो अगर तुम (सिद्क़ दिल से) ईमान रखते हो। फिर अगर तुम ने ऐसा न किया तो अल्लाह और उस के रसूल (صَلَّى اللّٰهُ عَلَيْهِ وَعَلٰى آلِهٖ وَسَلَّمَ) की त़रफ़ से ए'लाने जंग पर ख़बरदार हो जाओ।

येह अम्र क़ाबिले ज़िक्र है कि आयते मज़्कूरा में मुसलमानों से ख़ित़ाब किया गया है और जिहाद मुसलमानों के ख़िलाफ़ नहीं किया जाता। यहाँ पर अस्ल में सूद की संगीनी को ज़ाहिर करने के लिये लफ़्ज़े ह़र्ब इस्ते'माल किया गया है। अक्सर मुफ़स्सिरीन ने बयान किया है कि अ़मली

(1) البقرة، ۲: ۲۷۸-۲۷۹

त़ौर पर भी कभी इस बिना पर जिहाद नहीं किया गया। लेहाज़ा यहाँ लुग़वी मा'ना मुराद हैं इस्त़ेलाह़ी नहीं।

2. एक और मक़ाम पर अ़ॅहद फ़रामोश कुफ़्फ़ार के ह़वाले से लफ़्ज़ ह़र्ब इस्ते'माल करते हुवे इरशाद होता है:

فَاِمَّا تَثْقَفَنَّهُمْ فِی الْحَرْبِ فَشَرِّدْ بِهِمْ مَّنْ خَلْفَهُمْ لَعَلَّهُمْ یَذَّكَّرُوْنَ۝ (1)

सो अगर आप उन्हें (मैदाने) जंग में पा लें तो उन के इ़ब्रतनाक क़त्ल के ज़रीए़ उन के पिछलों को (भी) भगा दें ताकि उन्हें नसीह़त ह़ासिल हो।

क़बाइले यहूद बार बार अ़ॅहद शिकनी के मुरतकिब होते थे। येह आयत उन्ही के मुतअ़ल्लिक़ नाज़िल हुई। यहूदियों ने ज़ाती बुग़्ज़ व इ़नाद के बाइ़ष लड़ाइयों का जो सिलसिला शुरूअ़ किया हुवा था और क़बाइले अ़रब को मुसलमानों के ख़िलाफ़ भड़काने में मसरूफ़ थे। क़ुरआन मजीद में इस मन्फ़ी कार रवाई का ज़िक्र ह़र्ब से किया गया है।

3. इरशादे ख़ुदावन्दी है:

كُلَّمَاۤ اَوْقَدُوْا نَارًا لِّلْحَرْبِ اَطْفَاَهَا اللّٰهُ وَیَسْعَوْنَ فِی الْاَرْضِ فَسَادًا ؕ وَاللّٰهُ لَا یُحِبُّ الْمُفْسِدِیْنَ۝ (2)

(1) الانفال، ٨:٥٧

(2) المائدة، ٥:٦٤

जब भी येह लोग जंग की आग भड़काते हैं अल्लाह उसे बुझा देता है और येह (रूए) ज़मीन में फ़साद अंगेज़ी करते रॅहते हैं, और अल्लाह फ़साद करने वालों को पसन्द नहीं करता।

इस आयते करीमा का रूए सुख़न यहूद व नसारा की त़रफ़ है। यहाँ भी ह़र्ब से मुराद हरगिज़ जिहाद नहीं बल्कि मन्फ़ी मक़ासिद पर मब्नी जंग व क़िताल है। मफ़्हूमे आयत रोज़े रौशन की त़रह़ वाज़ेह़ है।

4. सूरतुत्तौबह में इरशादे बारी है:

وَالَّذِيْنَ اتَّخَذُوْا مَسْجِدًا ضِرَارًا وَّكُفْرًا وَّتَفْرِيْقًاۢ بَيْنَ الْمُؤْمِنِيْنَ وَاِرْصَادًا لِّمَنْ حَارَبَ اللهَ وَرَسُوْلَهٗ مِنْ قَبْلُ.[1]

और (मुनाफ़िक़ीन में से वोह भी हैं) जिन्हों ने एक मस्जिद तय्यार की है (मुसलमानों को नुक़्सान पहोंचाने और कुफ़्र (को तक़्वियत देने) और अहले ईमान के दरमियान तफ़रिक़ा पैदा करने और उस शख़्स की घात की जगह बनाने की ग़रज़ से जो अल्लाह और उस के रसूल (صلى الله عليه وعلى آله وسلم) से पॅहले ही से जंग कर रहा है।

यहाँ भी लफ़्ज़ 'حرب' कुल्लियतन मन्फ़ी जंगी कार रवाई के मा'ना में इस्ते'माल हुवा है।

अ़रबी लुग़त के मुत़ाबिक़ अ़रब में जंग के लिये जो तराकीब, मुह़ावरे, अ़लामतें और इस्तेआ़रे इस्ते'माल हुवे हैं, उन तमाम से वॅह़शियाना पन और दॅहशत गर्दी का तअ़षुर उभरता है। इस लिये अ़स्करी लिट्रेचर की इस्लाह़ के लिये इस्लाम ने उन तमाम जारेह़ाना अल्फ़ाज़ और मुह़ावरों को तर्क कर के इस्लाह़े अह़वाल की मुष्बत जिद्दो ज़ॅहद को 'जिहाद' का नाम

(1) التوبة، ٩: ١٠٧

दिया। इस का इत्लाक़ आ'ला और अर्फ़अ़ मक़ासिद, क़ियामे अम्न, फ़ित्ना व फ़साद के ख़ातिमे और ज़ुल्म व जब्र को मिटाने के लिये जामेअ़ जिद्दो ज़ॅहद पर होता है। लफ़्ज़े जिहाद से लूट मार, ग़ैज़ व ग़ज़ब और क़त्लो ग़ारतगरी की बू तक नहीं आती बल्कि इस का मा'ना पाकीज़ा, आ'ला और पुर अम्न इन्सानी मक़ासिद पर दलालत करता है। एक मुहज़्ज़ब, शाइस्ता और बलन्द अ़ज़ाइम रखने वाली अम्न पसन्द क़ौम की इन्क़ेलाबी जिद्दो ज़ॅहद और मुसलसल काविशों के मफ़्हूम की तौज़ीह़ व तफ़्हीम के लिये लफ़्ज़ जिहाद से बेहतर कोई दूसरा लफ़्ज़ नहीं है। जिहाद अपने वसीअ़ तर मा'नों में वक़्ती या हंगामी सई व काविश नहीं बल्कि मॅहद से ले कर लह़द तक मर्दे मोमिन की पूरी ज़िन्दगी पर मुह़ीत़ है।

13. जिहाद और बग़ावत में फ़र्क़

अपनी तमाम ज़ाहिरी व बात़िनी सलाह़िय्यतों और इस्ते'दाद को आ'ला और पुर अम्न मक़ासिद के पेशे नज़र अल्लाह की राह में सर्फ़ करने के लिये जो कोशिश की जाए, उसे जिहाद कॅहते हैं। अगर जिहाद की शरई शराइत़ पूरी न हों तो वोह अ़मल जिहाद नहीं बल्कि ग़द्र, बग़ावत दॅहशत गर्दी और फ़साद है जिस की इस्लामी ता'लीमात में क़त्अ़न इजाज़त नहीं है। जिन लोगों को मुसल्लॅह़ दॅहशत गर्दों की मुल्क दुश्मन कार रवाइयों के पसे पर्दा 'जिहाद' का शाएबा होता है, उन्हें इत्मिनाने क़ल्ब हो जाना चाहिये कि कलिमा गो और मा'सूम शॅहरियों की जानें लेना कोई जिहाद नहीं है बल्कि जैसे आ'ला दीनी तसव्वुर को बदनाम करने की बद तरीन और घिनौनी कोशिश है। तारीख़े इस्लाम में जिस त़रह़ बग़ावत को एक जुर्म क़रार दिया गया है उसी त़रह़ आज के मुसल्लॅह़ बाग़ियों को मुल्क व क़ौम का दुश्मन समझना ही दीनदारी है।

आयात व अहादीष और तसरीह़ाते अइम्मए दीन की रौशनी में बग़ावत की ह़ुरमत व मुमानअ़त वाज़ेह़ है। इस सिलसिले में अह़ादीष के

इलावा सहाबए किराम, ताबेईन, अत्बाउत्ताबिईन बिल ख़ुसूस इमामे आ'ज़म अबू ह़नीफ़ा, इमाम मालिक, इमाम शाफ़िई, इमाम अह़मद बिन ह़न्बल और दीगर जलीलुल क़द्र अइम्मए दीन رضوان اللہ علیہم اجمعین के फ़तावा की रौशनी में येह अम्र वाज़ेह़ है कि मुस्लिम रियासत के ख़िलाफ़ बग़ावत की क़त्ई मुमानअ़त पर इज्माए उम्मत है और किसी मज़्हब व मस्लक में भी इस पर इख़्तेलाफ़ नहीं है। ऐसे मुसल्लॅह़ ख़ुरूज और बग़ावत को जो नज़्मे रियासत के ख़िलाफ़ हो और हैअते इज्तेमाई के बा क़ाइदा इज़्न व इजाज़त के बग़ैर हो वोह ख़ाना जंगी, दॅहशत गर्दी और फ़ित्ना व फ़साद होता है; इसे किसी लेह़ाज़ से भी जिहाद का नाम नहीं दिया जा सकता।

अहले लुग़त ने बग़ावत की कई ता'रीफ़ात बयान की हैं, वोह सब एक ही मा'नवी अस्ल की त़रफ़ लौटती हैं। येह ता'रीफ़ात मुलाह़ज़ा करने के बा'द आप के सामने जिहाद और बग़ावत का फ़र्क़ ख़ुद ब ख़ुद वाज़ेह़ हो जाएगा।

1. फ़ुक़हाए अह़नाफ़ नें इमाम इब्ने हुमाम (मुतवफ़्फ़ा 861 हिजरी) ने 'फ़त्हुल क़दीर' में बग़ावत की सब से जामेअ़ ता'रीफ़ की है और बाग़ियों की मुख़्तलिफ़ अक़्साम बयान की हैं। वोह लिखते हैं:

وَالْبَاغِي فِي عُرْفِ الْفُقَهَاءِ الْخَارِجُ عَنْ طَاعَةِ إِمَامِ الْحَقِّ. وَالْخَارِجُوْنَ عَنْ طَاعَتِهِ أَرْبَعَةُ أَصْنَافٍ: **أَحَدُهَا**: الْخَارِجُوْنَ بِلاَ تَأْوِيْلٍ بِمَنَعَةٍ وَبِلَا مَنَعَةٍ، يَأْخُذُوْنَ أَمْوَالَ النَّاسِ وَيَقْتُلُوْنَهُمْ وَيُخِيْفُوْنَ الطَّرِيْقَ، وَهُمْ قُطَّاعُ الطَّرِيْقِ. **وَالثَّانِي**: قَوْمٌ كَذَلِكَ إِلاَّ أَنَّهُمْ لاَ مَنَعَةَ لَهُمْ لَكِنْ لَهُمْ تَأْوِيْلٌ. فَحُكْمُهُمْ حُكْمُ قُطَّاعِ الطَّرِيْقِ. إِنْ قَتَلُوْا قُتِلُوْا وَصُلِّبُوْا. وَإِنْ أَخَذُوْا مَالَ الْمُسْلِمِيْنَ قُطِعَتْ أَيْدِيْهِمْ وَأَرْجُلُهُمْ عَلَى مَا عُرِفَ. **وَالثَّالِثُ**: قَوْمٌ لَهُمْ

مَنَعَةٌ وَحَمِيَّةٌ خَرَجُوْا عَلَيْهِ بِتَأْوِيْلٍ يَرَوْنَ أَنَّهُ عَلٰى بَاطِلٍ كُفْرٍ أَوْ مَعْصِيَةٍ. يُوْجِبُ قِتَالَهُ بِتَأْوِيْلِهِمْ. وَهٰؤُلَاءِ يُسَمَّوْنَ بِالْخَوَارِجِ يَسْتَحِلُّوْنَ دِمَاءَ الْمُسْلِمِيْنَ وَأَمْوَالَهُمْ وَيَسْبُوْنَ نِسَاءَ هُمْ وَيُكَفِّرُوْنَ أَصْحَابَ رَسُوْلِ اللهِ صَلَّى اللهُ عَلَيْهِ وَآلِهِ وَسَلَّمَ. وَحُكْمُهُمْ عِنْدَ جُمْهُوْرِ الْفُقَهَاءِ وَجُمْهُوْرِ أَهْلِ الْحَدِيْثِ حُكْمُ الْبُغَاةِ.... **وَالرَّابِعُ:** قَوْمٌ مُسْلِمُوْنَ خَرَجُوْا عَلٰى إِمَامٍ وَلَمْ يَسْتَبِيْحُوْا مَا اسْتَبَاحَهُ الْخَوَارِجُ، مِنْ دِمَاءِ الْمُسْلِمِيْنَ وَسَبْيِ ذَرَارِيْهِمْ وَهُمُ الْبُغَاةُ.(1)

फ़ुक़हा के हाँ उ़र्फ़े आ़म में आईन व क़ानून के मुत़ाबिक़ क़ाइम होने वाली हुकूमत के नज़्म और ऑथॉरिटी के ख़िलाफ़ मुसल्लॅह़ जिद्दो ज़ॅहद करने वाले को बाग़ी (दॅह़शत गर्द) कहा जाता है। हुकूमते वक़्त के नज़्म के ख़िलाफ़ बग़ावत करने वालों की चार क़िसमें हैं:

<u>पॅहली क़िस्म</u> ऐसे लोगों पर मुश्तमिल है जो त़ाक़त के बल बूते या त़ाक़त के बग़ैर बिला तावील हुकूमत की ऑथॉरिटी और नज़्म से ख़ुरूज करने वाले हैं और लोगों का माल लूटते हैं, उन्हें क़त्ल करते हैं और मुसाफ़िरों को डराते धमकाते हैं, येह लोग राहज़न हैं।

<u>दूसरी क़िस्म</u> ऐसे लोगों की है जिन के पास ग़लबा पाने वाली त़ाक़त व क़ुव्वत न हो लेकिन मुसल्लॅह़ बग़ावत की ग़लत़ तावील हो, पस उन का हुक्म भी राहज़नों की त़रह़ है। अगर येह क़त्ल करें तो बदले में उन्हें क़त्ल किया जाए और फाँसी चढ़ाया जाए

(1) ابن همام، فتح القدير، ٥: ٣٣٤

और अगर मुसलमानों का माल लूटें तो उन पर शरई ह़द जारी की जाए।

तीसरी क़िस्म के बाग़ी वोह लोग हैं जिन के पास त़ाक़त व क़ुव्वत और जम्इय्यत भी हो और वोह किसी मन मानी तावील की बिना पर ह़ुकूमत की ओथोरिटी और नज़्म को तस्लीम करने से इन्कार कर दें और उन का येह ख़याल हो कि ह़ुकूमत बात़िल है और कुफ़्र व मा'सियत की मुरतकिब हो रही है। उन की इस तावील के बा वुजूद ह़ुकूमत का उन के साथ जंग करना वाजिब होता है। ऐसे लोगों पर ख़वारिज का इत़्लाक़ होता है जो मुसलमानों के क़त्ल को जाइज़ और उन के अम्वाल को ह़लाल क़रार देते थे और मुसलमानों की औ़रतों को क़ैदी बनाते और अस्ह़ाबे रसूल ﷺ की तक्फ़ीर करते थे। उन का ह़ुक्म भी जम्हूर फ़ुक़हा और अइम्मए ह़दीस के हाँ ख़वारिज और बाग़ियों की त़रह़ ही है।

चौथी क़िस्म उन लोगों की है जिन्हों ने ह़ुकूमते वक़्त के ख़िलाफ़ मुसल्लॅह़ बग़ावत तो की लेकिन उन चीज़ों को मुबाह़ न जाना जिन्हें ख़वारिज ने मुबाह़ क़रार दिया था जैसे मुसलमान को क़त्ल करना और उन की औलादों को क़ैदी बनाना वग़ैरा। दर ह़क़ीक़त येही लोग बाग़ी हैं।

2. अ़ल्लामा ज़ैनुद्दीन बिन नुजैम ह़नफ़ी (मुतवफ़्फ़ा 970 हिजरी 'अल बह़रुर्राइक़' में दॅह्शत गर्दों की ता'रीफ़ यूँ करते हैं:

وَأَمَّا الْبُغَاةُ فَقَوْمٌ مُسْلِمُوْنَ خَرَجُوْا عَلَى الإِْمَامِ الْعَدْلِ، وَلَمْ يَسْتَبِيْحُوْا مَا اسْتَبَاحَهُ الْخَوَارِجُ مِنْ دِمَاءِ الْمُسْلِمِيْنَ وَسَبْيِ ذَرَارِيْهِمْ.[1]

(1) ابن نجيم، البحر الرائق، ٥:١٥١

जहाँ तक बाग़ियों का तअ़ल्लुक़ है तो येह मुसलमानों में से वोह लोग हैं जो क़ानूनी त़रीक़े से क़ाइम होने वाली हुकूमत के ख़िलाफ़ मुसल्लॅह़ हो कर मुक़ाबले में निकल आते हैं। बेशक जिस चीज़ को ख़वारिज ने ह़लाल क़रार दिया है येह उस को ह़लाल क़रार न देते हों मषलन मुसलमानों का ख़ून बहाना और उन की औलादों को क़ैद कर के लौंडी या ग़ुलाम बनाना। सो येही लोग बाग़ी (दॅहशत गर्द) कॅहलाते हैं।

3. अ़ल्लामा इब्ने आ़बिदीन शामी (मुतवफ़्फ़ा 1252 हिजरी) ने 'रद्दुल मुह़तार' में बग़ावत की ता'रीफ़ इस त़रह़ की है:

أَهْلُ الْبَغْيِ: كُلُّ فِئَةٍ لَهُمْ مَنَعَةٌ. يَتَغَلَّبُوْنَ وَيَجْتَمِعُوْنَ وَيُقَاتِلُوْنَ أَهْلَ الْعَدْلِ بِتَأْوِيْلٍ. يَقُوْلُوْنَ: 'الْحَقُّ مَعَنَا.' وَيَدَّعُوْنَ الْوِلَايَةَ.(1)

बाग़ियों से मुराद हर वोह गुरोह है जिस के पास मज़्बूत ठिकाने और त़ाक़त हो और वोह ग़लबा ह़ासिल करने की कोशिश करते हैं। लोगों को मुनज़्ज़म कर के मुसल्लम रियासतों के ख़िलाफ़ (ख़ुद साख़्ता) तावील की बिना पर क़िताल करते हैं और कॅहते हैं कि **हम ही ह़क़ पर हैं।** और फिर विलायत या'नी हुकूमत साज़ी का दा'वा करते हैं।

इस्लाम किसी भी पुर अम्न इज्तेमाइय्यत के ख़िलाफ़ मुसल्लॅह़ बग़ावत और तफ़रेक़ा व इन्तेशार की इजाज़त नहीं देता बल्कि अम्न व सलामती और सुल्ह़ व आश्ती की तल्क़ीन करता है। इस्लामी ता'लीमात के

(1) ابن عابدين شامی، رد المحتار، ٤:٢٦٢
دسوقي، الحاشية، ٤:٢٦١
عينى، البناية شرح الهداية، ٥:٨٨٨

मुताबिक़ मुसलमान वोही शख़्स है जिस के हाथों मुस्लिम व ग़ैर मुस्लिम सब बे गुनाह इन्सानों के जान व माल मॅह़फ़ूज़ रहें। इन्सानी जान का तक़द्दुस और तह़फ़्फ़ुज़ शरीअ़ते इस्लामी में बुन्यादी ह़ैषिय्यत का ह़ामिल है। किसी भी इन्सान की ना ह़क़ जान लेना और उसे क़त्ल करना फ़े'ले ह़राम है बल्कि बा'ज़ सूरतों में येह अ़मल मूजिबे कुफ़्र बन जाता है। आज कल दॅहशत गर्द रियासती नज़्म के ख़िलाफ़ बग़ावत करते हुवे जिस बे दर्दी से ख़ुदकुश ह़म्लों और बम धमाकों से घरों, बाज़ारों, अ़वामी और ह़ुकूमती दफ़ातिर और मसाजिद में बे गुनाह मुसलमानों और पुर अम्न मुस्लिमों की जान ले रहे हैं वोह जिहाद नहीं बल्कि सरीह़न कुफ़्र व फ़साद है। बग़ावत व दॅहशत गर्दी फ़ी नफ़्सिही काफ़िराना फ़े'ल है और जब इस में ख़ुदकुशी का ह़राम उ़न्सुर शामिल हो जाए तो उस की संगीनी में और इज़ाफ़ा हो जाता है।

ख़ुलासए कलाम

इस बाब में हम ने जिहाद के मा'ना व मफ़्हूम और उस के जामेअ़ तसव्वुर के साथ साथ उस के ग़लत़ इत़्लाक़ात (application) का रद किया है। आइन्दा अब्वाब में जिहाद की दो बुन्यादी अक़्साम - जिहादे अक्बर और जिहादे अस़्ग़र - में से पॅहली क़िस्म या'नी जिहादे अक्बर पर तफ़्सील से बॅह़ष की जाएगी जबकि जिहादे अस़्ग़र या जिहाद बिस्सैफ़ (defensive war against aggression) पर शरह़ो बस्त़ के साथ इस मौज़ूअ़ पर हमारी अलग ज़ख़ीम किताब में मुकम्मल तफ़्सीलात दर्ज हैं।

अल बाबुष्षानी

اَلْجِهَادُ وَأَقْسَامُهُ

﴿जिहाद और उस की अक़्साम﴾

1. قَالَ الإِمَامُ ابْنُ حَزْمٍ (م456هـ) فِي الْفَصْلِ فِي الْمِلَلِ وَالنِّحَلِ، بِأَنَّ لِلْجِهَادِ ثَلَاثَةَ أَقْسَامٍ:

قَالَ أَبُو مُحَمَّدٍ: ... إِنَّ الْجِهَادَ يَنْقَسِمُ أَقْسَامًا ثَلَاثَةً: أَحَدُهَا: الدُّعَا إِلَى اللهِ عزوجل بِاللِّسَانِ؛ وَالثَّانِي: الْجِهَادُ عِنْدَ الْحَرْبِ بِالرَّأْيِ وَالتَّدْبِيْرِ؛ وَالثَّالِثُ: الْجِهَادُ بِالْيَدِ فِي الطَّعْنِ وَالضَّرْبِ.[1]

इमाम इब्ने ह़ज़्म (मुतवफ़्फ़ा 456 हिजरी) अल फ़स्लि फ़ी अल मिलिलि वन्निह़ल में जिहाद की तीन अक़्साम का तज़्किरा करते हुवे लिखते हैं:

अबू मुह़म्मद ने फ़रमाया है: बेशक जिहाद तीन अक़्साम में मुन्क़िसम है: पॅहली क़िस्म येह है कि ज़बान से दा'वते इलल्लाह दी जाए; दूसरी क़िस्म येह है कि जंग मुसल्लत़ होने की सूरत में ह़िक्मत और तदबीर के साथ लड़ना (ताकि कम से कम जानी नुक़्सान हो); और तीसरी क़िस्म येह है कि (ह़म्ला आवर के जवाब में अपना दिफ़ाअ़ करते हुवे) हाथ से चोब या चोट लगा कर जिहाद करना।

2. قَالَ الإِمَامُ السَّمْعَانِيُّ (م489هـ) فِي تَفْسِيْرِ الآيَةِ رقم 78 مِنْ سُوْرَةِ الْحَجِّ ﴿وَجَاهِدُوْا فِي اللهِ حَقَّ جِهَادِهٖ﴾ بِأَنَّ لِلْجِهَادِ ثَلَاثَةَ أَقْسَامٍ:

(1) ابن حزم في الفصل في الملل والنحل، ٤/١٠٧، وابن تيمية في منهاج السنة النبوية، ٨/٨٧.

إِعْلَمْ أَنَّ الْجِهَادَ يَكُوْنُ بِالنَّفْسِ وَبِالْقَلْبِ وَبِالْمَالِ. فَأَمَّا الْجِهَادُ بِالنَّفْسِ فَهُوَ فِعْلُ الطَّاعَاتِ وَاخْتِيَارُ الأَشَقِّ مِنَ الأُمُوْرِ. وَأَمَّا الْجِهَادُ بِالْقَلْبِ فَهُوَ دَفْعُ الْخَوَاطِرِ الرَّدِيَةِ. وَأَمَّا الْجِهَادُ بِالْمَالِ فَهُوَ الْبَذْلُ وَالْإِيْثَارُ.[1]

इमाम सम्ज़ानी (मुतवफ़्फ़ा 489 हिजरी) सूरतुल ह़ज की आयत नम्बर 78 - ﴿وَجَاهِدُوْا فِى اللّٰهِ حَقَّ جِهَادِهٖ﴾ 'और (ख़ातिमए ज़ुल्म, क़ियामे अम्न और तकरीमे इन्सानिय्यत के लिये) अल्लाह की राह में जिहाद करो जैसा कि उस के जिहाद का ह़क़ है' - के ज़ैल में जिहाद की तीन अक़्साम यूँ बयान करते हैं:

जिहाद, जान व दिल और माल के साथ होता है। रहा जिहाद बिन्नफ़्स तो इस से मुराद है: ताआत को बजा लाना और उमूर में से मुश्किल तरीन को चुनना। रहा जिहाद बिल क़ल्ब तो इस से मुराद है: (लोगों को नुक़्सान पहोंचाने पर उक्साने वाले) फ़ासिद व मुज़िर ख़यालात को क़ल्ब व ज़ेहन से निकाल फ़ेंका जाए; और रॅह गया जिहाद बिल माल तो इस से मुराद है: दूसरे लोगों (की तालीफ़े क़ल्ब के लिये उन) पर ख़र्च किया जाए और ईषार व क़ुरबानी का मुज़ाहरा किया जाए।

3. قَالَ الْعَلَّامَةُ ابْنُ الْجَوْزِيِّ (م579هـ) فِي تَفْسِيْرِ الآيَةِ رقم 41 مِنْ سُوْرَةِ التَّوْبَةِ ﴿وَّجَاهِدُوْا بِاَمْوَالِكُمْ وَاَنْفُسِكُمْ﴾:

قَالَ الْقَاضِي أَبُو يَعْلَى: أَوْجَبَ الْجِهَادَ بِالْمَالِ وَالنَّفْسِ جَمِيْعًا، فَمَنْ كَانَ لَهُ مَالٌ وَهُوَ مَرِيْضٌ أَوْ مُقْعَدٌ أَوْ ضَعِيْفٌ لَا يَصْلُحُ لِلْقِتَالِ، فَعَلَيْهِ

(1) السمعاني في تفسير القرآن، ٣/٤٥٧.

الْجِهَادُ بِمَالِهِ بِأَنْ يُعْطِيَهُ غَيْرَهُ، فَيَغْزُوْ بِهِ كَمَا يَلْزَمُهُ الْجِهَادُ بِنَفْسِهِ، إِذَا كَانَ قَوِيًّا. وَإِنْ كَانَ لَهُ مَالٌ وَقُوَّةٌ فَعَلَيْهِ الْجِهَادُ بِالنَّفْسِ وَالْمَالِ. وَمَنْ كَانَ مُعْدَمًا عَاجِزًا فَعَلَيْهِ الْجِهَادُ بِالنُّصْحِ لِلّٰهِ وَرَسُوْلِهِ صَلَّى اللهُ عَلَيْهِ وَ آلِهِ وَسَلَّمَ لِقَوْلِهِ: ﴿وَلَا عَلَى الَّذِيْنَ لَا يَجِدُوْنَ مَا يُنْفِقُوْنَ حَرَجٌ إِذَا نَصَحُوْا لِلّٰهِ وَرَسُوْلِهِ﴾، [التوبة، 9/91.][1]

अ़ल्लामा इब्नुल जौज़ी (मुतवफ़्फ़ा 579 हिजरी) सूरतुत्तौबह की आयत नम्बर 41 - ﴿وَّجَاهِدُوْا بِاَمْوَالِكُمْ وَاَنْفُسِكُمْ﴾ 'और अपने माल व जान से अल्लाह की राह में जिहाद करो' - के ज़ैल में लिखते हैं:

क़ाज़ी अबू या'ला फ़रमाते हैं: अल्लाह तआ़ला ने जिहाद बिल माल और जिहाद बिन्नफ़्स को तमाम मुसलमानों पर लाज़िमी क़रार दिया है। लेहाज़ा जिस के पास माल हो और वोह बीमार, लाचार या कमज़ोर हो और (ह़म्ला होने की सूरत में दिफ़ाई) क़िताल की सलाहि़य्यत से आ़री हो तो उसे चाहिये कि वोह अपने माल से जिहाद करे बईं त़ौर कि वोह किसी और को (जो मुल्क व मिल्लत के दिफ़ाअ़ की ख़ाति़र लड़ने की सलाहि़य्यत रखता है) अपना माल दे और वोह उस के ज़रीए क़िताल करे। जैसा कि उस पर जिहाद बिन्नफ़्स भी लाज़िम है जब वोह त़ाक़तवर हो। अगर उस के पास माल और त़ाक़त दोनों हों तो उस पर जिहाद बिन्नफ़्स और जिहाद बिल माल दोनों ही लाज़िम हैं। लेकिन जो शख़्स मुफ़्लिस और आ़जिज़ हो तो उस पर अल्लाह और उस के रसूल ﷺ के लिये (लोगों की फ़लाह़ व बेहबूद और) ख़ैर ख़्वाही का जिहाद लाज़िम है; जैसा कि अल्लाह

(1) ابن الجوزي في زاد المسير، ٣/٤٤٣.

तआला का येह फ़रमान है: ﴿وَلَا عَلَى الَّذِيْنَ لَا يَجِدُوْنَ مَا يُنْفِقُوْنَ حَرَجٌ إِذَا نَصَحُوْا لِلّٰهِ وَرَسُوْلِهٖ﴾ ‘और न (ही) ऐसे लोगों पर है जो इस क़द्र (वुस्अ़त भी) नहीं पाते जिसे ख़र्च करें जबकि वोह अल्लाह और उस के रसूल (صَلَّى اللهُ عَلَيْهِ وَعَلٰى آلِهٖ وَسَلَّمَ) के लिये ख़ालिस व मुख़्लिस हो चुके हों’।

4. قَالَ الْإِمَامُ فَخْرُ الدِّيْنِ الرَّازِيُّ (م606هـ) فِي تَفْسِيْرِ الْآيَةِ رقم 95 مِنْ سُوْرَةِ النِّسَاءِ ﴿وَفَضَّلَ اللهُ الْمُجٰهِدِيْنَ عَلَى الْقٰعِدِيْنَ اَجْرًا عَظِيْمًا﴾ بِأَنَّ لِلْجِهَادِ أَقْسَامًا مُخْتَلِفَةً:

وَلَا يُمْكِنُ أَنْ يَكُوْنَ الْمُرَادُ مِنْ هٰذَا الْمُجَاهِدِ هُوَ: الْمُجَاهِدُ بِالْمَالِ وَالنَّفْسِ فَقَطْ. وَإِلَّا حَصَلَ التَّكْرَارُ. فَوَجَبَ أَنْ يَكُوْنَ الْمُرَادُ مِنْهُ مَنْ كَانَ مُجَاهِدًا عَلَى الْإِطْلَاقِ فِي كُلِّ الْأُمُوْرِ أَعْنِي فِي عَمَلِ الظَّاهِرِ، وَهُوَ الْجِهَادُ بِالنَّفْسِ وَالْمَالِ وَالْقَلْبِ؛ وَهُوَ أَشْرَفُ أَنْوَاعِ الْمُجَاهَدَةِ[1].

इमाम फ़ख़्रुद्दीन राज़ी (मुतवफ़्फ़ा 606 हिजरी) सूरतुन्निसा की आयत नम्बर 95 - ﴿وَفَضَّلَ اللهُ الْمُجٰهِدِيْنَ عَلَى الْقٰعِدِيْنَ اَجْرًا عَظِيْمًا﴾ ‘और अल्लाह ने जिहाद करने वालों को (बहर तौर) बैठ रॅहने वालों पर ज़बरदस्त अज्र (व षवाब) की फ़ज़ीलत दी है।’ के ज़ैल में जिहाद की मुख़्तलिफ़ अक़्साम बयान करते हुवे लिखते हैं:

और मुम्किन नहीं कि इस मुजाहिद से मुराद सिर्फ़ मुजाहिद बिन्नफ़्स और मुजाहिद बिल माल ही हो, वगरना तकरार होगा; बल्कि ज़रूरी है कि इस से मुराद तमाम उमूर में मुत्लक़न जिहाद

(1) الرازي في التفسير الكبير، ٩/١١.

करने वाला मुराद हो, या'नी ज़ाहिरी अ़मल में भी जिहाद हो जो कि जिहाद बिन्नफ़्स, जिहाद बिल माल और जिहाद बिल क़ल्ब हैं। (और दूसरों की ख़ैर ख़्वाही के लिये अपने दिलों से जिहाद करना) जिहाद की तमाम अन्वाअ़ से ज़ियादा क़ाबिले क़द्र है।

5. قَالَ الْعَلاَّمَةُ ابْنُ تَيْمِيَةَ (م728هـ) مُبَيِّنًا الأَقْسَامَ السِّتَّةَ لِلْجِهَادِ:

اَلْجِهَادُ إِمَّا أَنْ يَكُونَ بِالْقَلْبِ كَالْعَزْمِ عَلَيْهِ، أَوْ بِالدَّعْوَةِ إِلَى الإِسْلاَمِ وَشَرَائِعِهِ، أَوْ بِإِقَامَةِ الْحُجَّةِ عَلَى الْمُبْطِلِ، أَوْ بِبَيَانِ الْحَقِّ وَإِزَالَةِ الشُّبْهَةِ، أَوْ بِالرَّأْيِ وَالتَّدْبِيرِ فِيمَا فِيهِ نَفْعُ الْمُسْلِمِينَ، أَوْ بِالْقِتَالِ بِنَفْسِهِ. فَيَجِبُ الْجِهَادُ بِغَايَةِ مَا يُمْكِنُهُ.[1]

अ़ल्लामा इब्ने तैमिय्या (मुतवफ़्फ़ा 728 हिजरी) जिहाद की छे सूरतें बयान करते हुवे लिखते हैं:

(जिहाद करने की मुख़्तलिफ़ सूरतें हैं:) जिहाद या तो दिल के ज़रीए किया जाता है जैसे जिहाद का अ़ज़्म; या इस्लाम और उस के अह़कामात की त़रफ़ दा'वत के ज़रीए या ग़लत़कारों पर

(1) أحمد بن غنيم النفراوي (م١١٢٦ه) في الفواكه الدواني، ٢/ ٨٧٩.

इस ता'रीफ़ की अ़ल्लामा इब्ने तैमिय्या की निस्बत से मश्हूर ह़म्बली फ़क़ीह मन्सूर बिन यूनुस बिन सलाहु़द्दीन अल बुहूती ने कश्शाफ़ुल क़िनाइ़ अ़न मत्निल इक़्नाइ़ (3/36; त़बअ़ क़ाहिरा, 1968 ई़सवी)' में नक़्ल किया है। इस से मिलती जुलती ता'रीफ़ 'मज्मूआ़ फ़तावा इब्ने तैमिय्या (5/38; बैरूत, दारुल फ़िक्र, 1980 ई़सवी)' में भी मौजूद है।

हुज्जत क़ाइम करे के; या ह़क़ की वज़ाह़त और शुब्हात के इज़ाले के ज़रीए; या मुसलमानों के लिये नफ़्अ़ के काम की फ़िक्र और तदबीर के ज़रीए; या नफ़्से क़िताल ही के ज़रीए। पस जो ज़रीआ़ भी मुम्किन हो उस के ज़रीए जिहाद वाजिब है।

6. قَالَ الإِمَامُ ابْنُ الْحَاجِّ الْمَالِكِيُّ (م737هـ) بِأَنَّ لِلْجِهَادِ قِسْمَيْنِ أَسَاسِيَيْنِ: اَلْجِهَادُ الأَكْبَرُ وَالْجِهَادُ الأَصْغَرُ:

إِنَّ الْجِهَادَ يَنْقَسِمُ إِلَى قِسْمَيْنِ: جِهَادٌ أَصْغَرُ وَجِهَادٌ أَكْبَرُ. فَالْجِهَادُ الْأَكْبَرُ هُوَ جِهَادُ النُّفُوْسِ لِقَوْلِهِ عَلَيْهِ الصَّلَاةُ وَالسَّلَامُ: هَبَطْتُمْ مِنَ الْجِهَادِ الْأَصْغَرِ إِلَى الْجِهَادِ الْأَكْبَرِ.... وَالْجِهَادُ الْأَصْغَرُ، وَهُوَ جِهَادُ أَهْلِ الْكُفْرِ وَالْعِنَادِ.[1]

इमाम इब्नुल ह़ाज्ज अल मालिकी (मुतवफ़्फ़ा 737 हिजरी) जिहाद की दो बुन्यादी क़िस्में - जिहादे अक्बर और जिहादे अस्ग़र - बयान करते हुवे लिखते हैं:

जिहाद की दो क़िस्में हैं: जिहादे अस्ग़र और जिहादे अक्बर। जिहादे अक्बर से मुराद जिहाद बिन्नुफ़ूस (या'नी क़ल्ब व रूह़ और अख़्लाक़ व किरदार की तत़्हीर व बालीदगी) है। इस की बुन्याद हुज़ूर नबिय्ये अकरम صَلَّى اللهُ عَلَيْهِ وَعَلَى آلِهِ وَسَلَّمَ का येह फ़रमान है: 'तुम जिहादे अस्ग़र से जिहादे अक्बर की त़रफ़ आए हो।' ...... और जिहादे अस्ग़र से मुराद अहले कुफ़्र व इ़नाद के साथ (अपने दिफ़ाअ़ की ख़ात़िर किया जाने वाला) जिहाद है।

(1) ابن الحاج في المدخل، ٣/٢.

7. قَالَ الإِمَامُ ابْنُ الْحَاجِّ الْمَالِكِيُّ (م737ھ) **فِي مَقَامٍ آخَرَ بِأَنَّ هُنَاکَ الأَقْسَامَ الأَرْبَعَةَ الأُخْرٰی لِلْجِهَادِ:**

اَلْجِهَادُ يَنْقَسِمُ عَلٰی أَرْبَعَةِ أَقْسَامٍ: جِهَادٌ بِالْقَلْبِ، وَجِهَادٌ بِاللِّسَانِ، وَجِهَادٌ بِالْيَدِ، وَجِهَادٌ بِالسَّيْفِ.

فَالْجِهَادُ بِالْقَلْبِ: جِهَادُ الشَّيْطَانِ، وَجِهَادُ النَّفْسِ عَنِ الشَّهَوَاتِ وَالْمُحَرَّمَاتِ. قَالَ اللهُ تَعَالٰی: ﴿وَنَهَی النَّفْسَ عَنِ الْهَوٰی ۝ فَإِنَّ الْجَنَّةَ هِيَ الْمَأْوٰی ۝﴾.[1] وَجِهَادُ اللِّسَانِ: الأَمْرُ بِالْمَعْرُوْفِ وَالنَّهْيُ عَنِ الْمُنْكَرِ، وَمِنْ ذٰلِکَ مَا أَمَرَ اللهُ عزوجل النَّبِيَّ عَلَيْهِ الصَّلَاةُ وَالسَّلَامُ بِهِ مِنْ جِهَادِ الْمُنَافِقِيْنَ لِأَنَّهُ عزوجل قَالَ: ﴿يٰـأَيُّهَا النَّبِيُّ جَاهِدِ الْکُفَّارَ وَالْمُنٰـفِقِيْنَ وَاغْلُظْ عَلَيْهِمْ ط وَمَأْوٰهُمْ جَهَنَّمُ ط وَبِئْسَ الْمَصِيْرُ﴾[2]. فَجَاهَدَ الْکُفَّارَ بِالسَّيْفِ وَجَاهَدَ الْمُنَافِقِيْنَ بِاللِّسَانِ، لِأَنَّ اللهَ عزوجل نَهَاهُ أَنْ يَعْمَلَ بِعِلْمِهِ فِيْهِمْ فَيُقِيْمُ الْحُدُوْدَ عَلَيْهِمْ.

وَجِهَادُ الْيَدِ: زَجْرُ ذَوِي الأَمْرِ أَهْلَ الْمَنَاكِرِ عَنِ الْمُنْكَرِ وَالْبَاطِلِ وَالْمَعَاصِي وَالْمُحَرَّمَاتِ وَعَنْ تَعْطِيْلِ الْفَرَائِضِ وَالْوَاجِبَاتِ بِالأَدَبِ وَالضَّرْبِ عَلٰی مَا يُؤَدِّي إِلَيْهِ الاِجْتِهَادُ فِي ذٰلِکَ. وَمِنْ ذٰلِکَ إِقَامَتُهُمُ الْحُدُوْدَ عَلَی الْقَذَفَةِ الزُّنَاةِ وَشَرَبَةِ الْخَمْرِ.

(1) النازعات، ٧٩/٤٠-٤١.
(2) التوبة، ٩/٧٣.

ثُمَّ أَوَّلُ مَا يَحْتَاجُ إِلَيْهِ فِي مُجَاهَدَتِهِ الزُّهْدُ فِي الدُّنْيَا لِأَنَّ مَحَبَّتَهَا وَالْعَمَلَ عَلٰى تَحْصِيْلِهَا مَعَ وُجُوْدِ شَغَفِ الْقَلْبِ بِهَا، يُعْمِي عَنْ أُمُوْرِ الآخِرَةِ، وَيَطْمِسُ الْقَلْبَ، وَيُكْثِرُ فِيْهِ الْوَسَاوِسَ وَالنَّزَغَاتِ.[1]

इमाम इब्नुल ह़ाज्ज अल मालिकी (मुतवफ़्फ़ा 737 हिजरी) एक दूसरे मक़ाम पर जिहाद की चार अक़्साम बयान करते हुवे लिखते हैं:

जिहाद चार क़िस्मों में मुन्क़सिम है: जिहाद बिल क़ल्ब (त़हारते क़ल्ब और तज़्कियए नफ़्स), जिहाद बिल्लिसान (दा'वत व तब्लीग़), जिहाद बिल यद (ख़िदमते ख़ल्क़) और जिहाद बिस्सैफ़ (या'नी जिहाद बिल क़िताल)।

जिहाद बिल क़ल्ब से मुराद शैत़ान और नफ़्स दोनों के साथ जिहाद है, बईं सूरत कि नफ़्स को बुरी ख़्वाहिशात और मुह़र्रमात से रोका जाए। जैसा कि अल्लाह तआला ने फ़रमाया है: ﴿وَنَهَى النَّفْسَ عَنِ الْهَوٰى ۝ فَاِنَّ الْجَنَّةَ هِيَ الْمَاْوٰى ۝﴾ 'और उस ने (अपने) नफ़्स को (बुरी) ख़्वाहिशात व शॅहवात से बाज़ रखा। तो बेशक जन्नत ही (उस का) ठिकाना होगा।'।

जिहाद बिल्लिसान से मुराद: नेकी का हुक्म देना और बुराई से रोकना। इसी क़िस्म से वोह जिहाद भी है जो अल्लाह तआला ने हुज़ूर नबिय्ये अकरम ﷺ को मुनाफ़िक़ीन के साथ करने का हुक्म दिया है, जैसा कि अल्लाह तआला ने फ़रमाया: ﴿يٰۤاَيُّهَا النَّبِيُّ جَاهِدِ الْكُفَّارَ وَالْمُنٰفِقِيْنَ وَاغْلُظْ عَلَيْهِمْ ؕ وَمَاْوٰىهُمْ جَهَنَّمُ ؕ وَبِئْسَ الْمَصِيْرُ

(1) ابن الحاج في المدخل، ٢٧-٣٦/٣.

﴿ 'ऐ नबिय्ये (मुअ़ज़्ज़म!) आप (इस्लाम दुश्मनी पर कार फ़रमा) काफ़िरों और मुनाफ़िक़ों से जिहाद करें और अम्न दुश्मनी, फ़साद अंगेज़ी और जारेह़िय्यत के इर्तेकाब की वज्ह से) उन पर सख़्ती करें, और उन का ठिकाना दोज़ख़ है, और वोह बुरा ठिकाना है'।

सो हुज़ूर नबिय्ये अकरम ﷺ ने कुफ़्फ़ार के साथ (उन की मुआनिदाना कार रवाइयों के नतीजे में क़ियामे अम्न की ख़ात़िर) तल्वार के साथ और मुनाफ़िक़ों (की साज़िशों और दीन दुश्मन कार रवाइयों के ख़िलाफ़ उन) के साथ ज़बान से जिहाद किया, क्यूँकि अल्लाह तआ़ला ने आप को मन्अ़ फ़रमाया था कि आप उन के बारे में अपने इ़ल्म पर अ़मल न करें और उन पर ह़ुदूद न लगाएँ।

और जिहाद बिल यद (या'नी हाथ के साथ जिहाद) से मुराद है: ह़ुक्मरानों का बुरे लोगों को उन की बुराइयों, बात़िल उमूर, मा'सियात और मुह़र्रमात पर तरहीब और सरज़निश करना और उन्हें उन के फ़राइज़ व वाजिबात से तादीबन या इ़क़ाबन सुबुक दोश करना; जैसा कि इज्तेहाद इस बारे में राहनुमाई करता है। उन ह़ुक्मरानों का तॉहमत लगाने वालों, बदकारों और शराबियों) जैसे मुजरिमों और ह़ुदूदुल्लाह की पामाली करने वालों) पर ह़ुदूद लगाना भी इसी क़बील से है।

फिर सब से पॅहली चीज़ जिस की मुजाहिद को अपने जिहाद में एह़तियाज होती है वोह उस का (इस फ़ानी) दुन्या से बे रग़बती इख़्तियार करना है; क्यूँकि दुन्या की मह़ब्बत और उसे ह़ासिल करने की कोशिश और उस के साथ दिल में उस की चाहत इन्सान को उस के उख़्रवी उमूर से नाबीना कर देती है, नूरे क़ल्ब को गुल

कर देती है और उस में वसाविस और शर अंगेज़ियों का इज़ाफ़ा करती है।

8. قَالَ الإِمَامُ الذَّهَبِيُّ (م748هـ) **بِأَنَّ ابْنَ حَزْمٍ قَسَّمَ الْجِهَادَ إِلٰى ثَلَاثَةِ أَقْسَامٍ:**

وَقَالَ ابْنُ حَزْمٍ: وَالْجِهَادُ ثَلَاثَةُ أَقْسَامٍ: أَعْلَاهَا: الدُّعَا إِلَى اللهِ بِاللِّسَانِ، وَثَانِيهَا: الْجِهَادُ عِنْدَ الْبَأْسِ بِالرَّأْيِ وَالتَّدْبِيرِ، وَالثَّالِثُ: الْجِهَادُ بِالْيَدِ.[1]

इमाम ज़हबी (मुतवफ़्फ़ा 748 हिजरी) इब्ने ह़ज़्म के ह़वाले से जिहाद की तीन अक़्साम बयान करते हुवे लिखते हैं:

इब्ने ह़ज़्म ने कहा: जिहाद की तीन अक़्साम हैं: इन सब से आ'ला क़िस्म ज़बान के साथ दा'वते इलल ह़क़ देना है; दूसरी क़िस्म है: (बाग़ी और मुसल्लॅह़ गुरोहों के ख़िलाफ़) लड़ाई के वक़्त राए और तदबीर इख़्तियार करना (ताकि कम से कम नुक़्सान हो); तीसरी क़िस्म है: (मुआनिदाना कार रवाइयों में मुलव्विष मुसल्लॅह़ गुरोहों और बर सरे पैकार लोगों के ख़िलाफ़) हाथ के साथ जिहाद करना।

9. قَالَ الْعَلَّامَةُ ابْنُ الْقَيِّمِ (م751هـ) **فِي زَادِ الْمَعَادِ فِي صَدَدِ أَقْسَامِ الْجِهَادِ:**

(1) الذهبي في المنتقى من منهاج الاعتدال، ١/٥١٢.

وَكَانُوْا مَعَهُ بِأَرْوَاحِهِمْ وَبِدَارِ الْهِجْرَةِ بِأَشْبَاحِهِمْ. وَهٰذَا مِنَ الْجِهَادِ بِالْقَلْبِ، وَهُوَ أَحَدُ مَرَاتِبِهِ الأَرْبَعِ: وَهِيَ الْقَلْبُ وَاللِّسَانُ وَالْمَالُ وَالْبَدَنُ. وَفِي الْحَدِيْثِ: جَاهِدُوا الْمُشْرِكِيْنَ بِأَلْسِنَتِكُمْ وَقُلُوْبِكُمْ وَأَمْوَالِكُمْ.[1]

अ़ल्लामा इब्नुल क़य्यिम (मुतवफ़्फ़ा 715 हिजरी) 'ज़ादुल मआ़द' में जिहाद की तक़्सीम के ह़वाले से लिखते हैं:

और वोह अपनी अरवाह़ के साथ (या'नी दिल व जान से) आप के हमराह थे और दारे हिजरत में अपने सायों के साथ (या'नी पुर अ़ज़्म थे)। येह जिहाद बिल क़ल्ब में से है जो कि जिहाद के चार मरातिब में से एक है। वोह चार मरातिब येह हैं: क़ल्ब (से जिहाद); ज़बान (से जिहाद); माल (से जिहाद) और बदन (के साथ जिहाद)। ह़दीषे मुबारका में भी है: मुशरिकों से (दा'वते इलल ह़क़ देने के लिये) अपनी ज़बानों, (उन की ख़ैर ख़्वाही के लिये) अपने दिलों और उन की तालीफ़े क़ल्ब के लिये) अपने अम्वाल के साथ जिहाद करो।

10. قَالَ ابْنُ حَجَرٍ الْعَسْقَلَانِيُّ (م 852هـ) فِي صَدَدِ لَفْظِ الْجِهَادِ:

وَالْجِهَادُ بِكَسْرِ الْجِيْمِ، أَصْلُهُ لُغَةً الْمَشَقَّةُ. يُقَالُ: جَهَدْتُ جِهَادًا بَلَغْتُ الْمَشَقَّةَ. وَيُطْلَقُ أَيْضًا عَلٰى مُجَاهَدَةِ النَّفْسِ وَالشَّيْطَانِ وَالْفُسَّاقِ. فَأَمَّا مُجَاهَدَةُ النَّفْسِ فَعَلٰى تَعَلُّمِ أُمُورِ الدِّينِ، ثُمَّ عَلَى الْعَمَلِ بِهَا، ثُمَّ عَلٰى تَعْلِيْمِهَا. وَأَمَّا مُجَاهَدَةُ الشَّيْطَانِ فَعَلٰى دَفْعِ مَا يَأْتِي بِهِ مِنَ الشُّبُهَاتِ، وَمَا

(1) ابن القيم في زاد المعاد، ٣/٥٧١.

يُزَيِّنُهُ مِنَ الشَّهَوَاتِ. وَأَمَّا مُجَاهَدَةُ الْكُفَّارِ فَتَقَعُ بِالْيَدِ وَالْمَالِ وَاللِّسَانِ وَالْقَلْبِ. وَأَمَّا مُجَاهَدَةُ الْفُسَّاقِ فَبِالْيَدِ ثُمَّ اللِّسَانِ ثُمَّ الْقَلْبِ.[1]

हाफ़िज़ इब्ने हजर अस्क़लानी (मुतवफ़्फ़ा 852 हिजरी) लफ़्ज़ 'जिहाद' के हवाले से लिखते हैं:

लफ़्ज़ 'जिहाद' जीम की कसरा के साथ है और लुग़वी ए'तेबार से इस का ह़क़ीक़ी मा'ना 'मशक़्क़त' है। कहा जाता है: جَهَدْتُ جِهَادًا (मैं ने बड़ी मशक़्क़त उठाई)। इस का इत़्लाक़ नफ़्स, शैत़ान और ना फ़रमानों से जिहाद करने पर भी होता है। नफ़्स से जिहाद उमूरे दीनिय्या का सीखना और फिर उन पर अमल पैरा होना है। और फिर उन उमूर की (दूसरों को भी) ता'लीम देना है और शैत़ान से जिहाद उस की त़रफ़ से पैदा होने वाले शुब्हात और उस की सजाई हुई शॅहवात से दूरी इख़्तियार करना है। कुफ़्फ़ार से जिहाद हाथ, माल, ज़बान और दिल से होता है। जबकि ना फ़रमानों से जिहाद हाथ, फिर ज़बान से और फिर दिल से होता है।

(1) العسقلاني في فتح الباري، ٦/٣.

अल बाबुष्षालिष

اَلْجِهَادُ بِالنَّفْسِ

﴾जिहाद बिन्नफ़्स﴿

अल क़ुरआन

(1) وَمَنْ جَاهَدَ فَإِنَّمَا يُجَاهِدُ لِنَفْسِهِ ۚ إِنَّ اللّٰهَ لَغَنِيٌّ عَنِ الْعٰلَمِيْنَ ۝

(العنکبوت، ۲۹/٦)

जो शख़्स (राहे ह़क़ में) जिद्दो ज़ॅहद करता है वोह अपने ही (नफ़्अ़ के) लिये तगो दौ करता है, बेशक अल्लाह तमाम जहानों (की त़ाअ़तों, कोशिशों और मुजाहदों) से बे नियाज़ है।

(2) وَالَّذِيْنَ جَاهَدُوْا فِيْنَا لَنَهْدِيَنَّهُمْ سُبُلَنَا ۚ وَإِنَّ اللّٰهَ لَمَعَ الْمُحْسِنِيْنَ ۝

(العنکبوت، ۲۹/٦۹)

और जो लोग हमारे ह़क़ में जिहाद (या'नी मुजाहदा) करते हैं तो हम यक़ीनन उन्हें अपनी (त़रफ़ से सैर और वुसूल की) राहें दिखा देते हैं, और बेशक अल्लाह साह़िबाने एह़सान को अपनी मइय्यत से नवाज़ता है।

अल ह़दीष

(1) مَنْ جَاهَدَ نَفْسَهُ الأَمَّارَةَ فَهُوَ الْمُجَاهِدُ الْحَقِيْقِيُّ

﴿नफ़्से अम्मारा के ख़िलाफ़ जिहाद करने वाला ह़क़ीक़ी मुजाहिद है﴾

1/5-1. عَنْ فُضَالَةَ بْنِ عُبَيْدٍ رَضِيَ اللهُ عَنْهُ، قَالَ: سَمِعْتُ رَسُوْلَ اللهِ صَلَّى اللهُ عَلَيْهِ وَ آلِهِ وَسَلَّمَ يَقُوْلُ: اَلْمُجَاهِدُ مَنْ جَاهَدَ نَفْسَهُ.

رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَاللَّفْظُ لَهُ وَابْنُ حِبَّانَ. وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هٰذَا حَدِيْثٌ حَسَنٌ صَحِيْحٌ.

हज़रत फ़ुज़ाला बिन उ़बैद رضي الله عنه बयान करते हैं: मैं ने रसूलुल्लाह صلى الله عليه وعلى آله وسلم को येह फ़रमाते हुवे सुना: (बड़ा) मुजाहिद वोह है जो अपने नफ़्स के ख़िलाफ़ जिहाद करता है।

इस ह़दीष को इमाम अह़मद ने, तिरमिज़ ने मज़्कूरा अल्फ़ाज़ के साथ और इब्ने ह़िब्बान ने रिवायत किया है। इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: येह ह़दीष ह़सन सह़ीह़ है।

(2) عَنْ عَلِيِّ بْنِ أَبِي طَالِبٍ رَضِيَ اللهُ عَنْهُ، قَالَ: أَوَّلُ مَا تُنْكِرُوْنَ مِنْ جِهَادِكُمْ أَنْفُسَكُمْ.

ذَكَرَهُ ابْنُ رَجَبٍ الْحَنْبَلِيُّ فِي جَامِعِ الْعُلُوْمِ وَالْحِكَمِ.

1: أخرجه أحمد بن حنبل في المسند، ٦/ ٢٠، الرقم/ ٢٣٩٩٦، والترمذي في السنن، كتاب فضائل الجهاد، ب ما جاء في فضل من مات مرابطًا، ٤/ ١٦٥، الرقم/ ١٦٢١، والبزار في المسند، ٢/ ١٥٦، الرقم/ ٣٧٥٣، والحاكم في المستدرك، ٢/ ١٥٦، الرقم/ ٢٦٣٧، وابن حبان في الصحيح، ١٠/ ٤٨٤، الرقم/ ٤٦٢٤، والطبراني في المعجم الكبير، ١٨/ ٢٥٦، الرقم/ ٦٤١، وأبو عوانة في المسند، ٤/ ٤٩٦، الرقم/ ٧٤٦٣، والبيهقي في الزهد الكبير/ ١٦٣، الرقم/ ٣٦٩.

2: ابن رجب الحنبلي في جامع العلوم والحكم/ ١٩٦.

सय्यिदुना अ़ली बिन अबी त़ालिब رضي الله عنه फ़रमाते हैं: (अगले ज़मानों में) सब से पॅहले तुम जिस चीज़ का इन्कार करोगे वोह जिहाद बिन्नफ़्स होगा।

इसे इब्ने रजब अल ह़न्बली ने 'जामिइ़ल उ़लूमि वल ह़िकम' में बयान किया है।

(3) قَالَ الإِمَامُ ابْنُ بَطَّالٍ فِي شَرْحِ صَحِيْحِ الْبُخَارِيِّ: قَالَ عَلِيُّ بْنُ أَبِي طَالِبٍ رَضِيَ اللهُ عَنْهُ: أَوَّلُ مَا تَفْقِدُوْنَ مِنْ دِيْنِكُمْ جِهَادُ أَنْفُسِكُمْ.

इमाम इब्ने बत़्ताल 'शरहु़ सही़हु़ल बुख़ारी' में लिखते हैं: सय्यिदुना अ़ली बिन अबी त़ालिब رضي الله عنه ने फ़रमाया: सब से पॅहले तुम्हारे दीन (पर अ़मल करने) में जो चीज़ मफ़्क़ूद (या'नी तर्क) हो जाएगी वोह तुम्हारा अपने नुफ़ूस के ख़िलाफ़ जिहाद है।

(4) عَنْ حَنَّانَ بْنِ خَارِجَةَ، قَالَ: قُلْتُ: يَا عَبْدَ اللهِ بْنَ عُمَرَ، مَا تَقُوْلُ فِي الْهِجْرَةِ وَالْجِهَادِ؟ قَالَ: ابْدَأْ بِنَفْسِكَ، فَاغْزُهَا؛ وَابْدَأْ بِنَفْسِكَ، فَجَاهِدْهَا.

رَوَاهُ الطَّيَالِسِيُّ وَالْبَيْهَقِيُّ وذَكَرَهُ ابْنُ رَجَبٍ الْحَنْبَلِيُّ فِي جَامِعِ الْعُلُوْمِ وَالْحِكَمِ وَالْمِزِّيُّ فِي التَّهْذِيْبِ وَالْعَسْقَلَانِيُّ فِي الْمَطَالِبِ.

3: ابن بطال في شرح صحيح البخاري، كتاب الرقاق، ب من جاهد نفسه في طاعة ا ، ١٠ /٢١٠-٢١١.

4: أخرجه الطيالسي في المسند /٣٠٠، الرقم /٢٢٧٧، والبيهقي في الزهد الكبير، ١٦٢-١٦٣، الرقم /٣٦٨، وذكره ابن رجب الحنبلي في جامع العلوم والحكم /١٩٦، وأيضا في شرح حديث لبيک /١٢٨، والمزي في تهذيب الكمال، ٧ /٤٢٦، وابن حجر العسقلاني في المطالب العالية، ٩ /٢٣٨، الرقم /١٩٢٨.

ह़न्नान बिन ख़ारिजा बयान करते हैं: मैं ने अ़र्ज़ किया: ऐ अ़ब्दुल्लाह बिन उ़मर! आप का हिजरत और जिहाद के बारे में क्या मौक़िफ़ है? उन्हों ने जवाब दिया: उसे अपने नफ़्स से शुरूअ़ कर और उस से जंग कर; फिर अपने नफ़्स से शुरूअ़ कर और उस से जिहाद कर।

इसे इमाम त़यालिसी और बैहक़ी ने रिवायत किया है और इब्ने रजब अल ह़म्बली ने 'जामिइ़ल उ़लूमि वल ह़िकम' में, मिज़्ज़ी ने 'तहज़ीबुल कमाल' में जबकि अ़स्क़लानी ने 'अल मत़ालिबुल आ़लिया' में बयान किया है।

(5) قَالَ الإِمَامُ سُفْيَانُ الثَّوْرِيُّ: إِنَّمَا عَدُوُّكَ نَفْسُكَ الَّتِي بَيْنَ جَنْبَيْكَ. فَقَاتِلْ هَوَاكَ أَشَدَّ مِمَّا تُقَاتِلُ عَدُوَّكَ.

ذَكَرَهُ الإِمَامُ ابْنُ بَطَّالٍ فِي شَرْحِ صَحِيْحِ الْبُخَارِيِّ.

इमाम शुफ़्यान षौरी कॅहते हैं: बेशक तुम्हारा दुश्मन वोही नफ़्स है जो तुम्हारे पॅहलूओं के दरमियान है। तुम अपने दुश्मन के साथ जंग से भी बढ़ कर अपनी नफ़्सानी ख़्वाहिशात के साथ जंग करो।

इसे इमाम इब्ने बत़्ताल ने 'शरह़ु सह़ीह़ुल बुख़ारी' में बयान किया है।

5: ابن بطال في شرح صحيح البخاري، كتاب الرقاق، ب من جاهد نفسه في طاعة ا ، ١٠ /٢١٠.

اَلْجِهَادُ بِالنَّفْسِ هُوَ الْجِهَادُ الْأَكْبَرُ (2)

﴾जिहाद बिन्नफ़्स, जिहादे अक्बर है﴿

2/6. عَنْ جَابِرٍ رَضِيَ اللهُ عَنْهُ، قَالَ: قَدِمَ عَلٰى رَسُوْلِ اللهِ صَلَّى اللهُ عَلَيْهِ وَآلِهِ وَسَلَّمَ قَوْمٌ غُزَاةٌ، فَقَالَ: قَدِمْتُمْ خَيْرَ مَقْدَمٍ مِنَ الْجِهَادِ الْأَصْغَرِ إِلَى الْجِهَادِ الْأَكْبَرِ. قِيْلَ: وَمَا الْجِهَادُ الْأَكْبَرُ؟ قَالَ: مُجَاهَدَةُ الْعَبْدِ هَوَاهُ.

رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي الزُّهْدِ وَالْخَطِيْبُ الْبَغْدَادِيُّ وَابْنُ عَسَاكِرَ.

हज़रत जाबिर رضي الله عنه रिवायत करते हैं: रसूलुल्लाह صلى الله عليه وآله وسلم के पास ग़ाज़ियों की एक जमाअत हाज़िर हुई। आप صلى الله عليه وآله وسلم ने फ़रमाया: तुम्हें जिहादे अस्ग़र (जिहाद बिस्सैफ़) से जिहादे अक्बर (जिहाद बिन्नफ़्स) की तरफ़ लौट कर आना मुबारक हो। अर्ज़ किया गया: जिहादे अक्बर क्या है? आप صلى الله عليه وآله وسلم ने फ़रमाया: इन्सान का अपनी नफ़्सानी ख़्वाहिशात के ख़िलाफ़ जिहाद करना जिहादे अक्बर है।

इसे इमाम बैहक़ी ने 'अज़्ज़ुहदुल कबीर' में और ख़तीब बग़दादी व इब्ने अ़साकिर ने रिवायत किया है।

6: أخرجه البيهقي في الزهد الكبير /١٦٥، الرقم /٣٧٣، والخطيب البغدادي في ريخ بغداد، ١٣ /٥٢٣، وابن عساكر في ريخ مدينة دمشق، ٦ /٤٣٨، وذكره ابن رجب الحنبلي في جامع العلوم والحكم /١٩٦، والمزي في تهذيب الكمال، ٢ /١٤٤، والسيوطي في شرح سنن ابن ماجة، ١ /٢٨٢، الرقم /٣٩٣٤.

3/10-7. **وَفِي رِوَايَةٍ لِلْغَزَالِيِّ فِي الإِحْيَاءِ**: قَالَ نَبِيُّنَا صَلَّى اللهُ عَلَيْهِ وَآلِهِ وَسَلَّمَ لِقَوْمٍ قَدِمُوْا مِنَ الْجِهَادِ: مَرْحَبًا بِكُمْ! قَدِمْتُمْ مِنَ الْجِهَادِ الأَصْغَرِ إِلَى الْجِهَادِ الأَكْبَرِ. قِيْلَ: يَا رَسُوْلَ اللهِ، وَمَا الْجِهَادُ الأَكْبَرُ؟ قَالَ: جِهَادُ النَّفْسِ.

इमाम ग़ज़ाली की 'अल इह्या' में बयान कर्दा रिवायत के अल्फ़ाज़ कुछ यूँ हैं: हमारे नबिय्ये मुकर्रम ﷺ ने जंग से वापस आने वाली क़ौम से फ़रमाया: तुम्हें ख़ुश आमदीद कि तुम जिहादे अस्ग़र से जिहादे अक्बर की त़रफ़ लौटे हो। अ़र्ज़ किया गया: या रसूलल्लाह! जिहादे अक्बर क्या है? फ़रमाया नफ़्सनी ख़्वाहिशात के ख़िलाफ़ जिहाद।

(8) قَالَ إِبْرَاهِيْمُ بْنُ أَبِي عَلْقَمَةَ لِقَوْمٍ جَاءُوْا مِنَ الْغَزْوِ: قَدْ جِئْتُمْ مِنَ الْجِهَادِ الأَصْغَرِ، فَمَا فَعَلْتُمْ فِي الْجِهَادِ الأَكْبَرِ؟ قَالُوْا: وَمَا الْجِهَادُ الأَكْبَرُ؟ قَالَ: جِهَادُ الْقَلْبِ.

ذَكَرَهُ ابْنُ رَجَبٍ الْحَنْبَلِيُّ فِي جَامِعِ الْعُلُوْمِ وَالْحِكَمِ.

इब्राहीम बिन अबी अ़ल्क़मा ने जंग से वापस आने वाले ग़ाज़ियों से कहा: तुम लोग जिहादे अस्ग़र से वापस लौटे हो, अब (देखना येह है कि तुम ने) जिहादे अक्बर में क्या किया?। उन्हों ने काहा: येह जिहादे अक्बर क्या है? इब्राहीम बिन अबी अ़ल्क़मा ने जवाब दिया: क़ल्बी जिहाद (जो नफ़्सानी ख़्वाहिशात के ख़िलाफ़ किया जाता है)।

7: الغزالي في إحياء علوم الدين، ٣ /٦٦.

8: ابن رجب الحنبلي في جامع العلوم والحكم /١٩٦.

इसे इब्ने रजब ह़न्बली ने 'जामिइ़ल उ़लूमि वल ह़िकम' में बयान किया है।

(9) قَالَ الإِمَامُ ابْنُ الْمُقَفَّعِ: أَعْظَمُ الْجِهَادُ جِهَادُ الْمَرْئِ نَفْسَهُ.

ذَكَرَهُ الإِمَامُ الرَّاغِبُ الأَصْفَهَانِيُّ فِي الْمُحَاضَرَاتِ.

इमाम इब्ने मुक़फ़्फ़अ़ कॅहते हैं: सब से बड़ा जिहाद इन्सान का अपनी नफ़्सानी ख़्वाहिशात के ख़िलाफ़ जिहाद है।

इसे इमाम राग़िब अल अस्फ़हानी ने 'मुहाज़रातुल उदबा' में बयान किया है।

(10) قَالَ الإِمَامُ ابْنُ بَطَّالٍ فِي شَرْحِ صَحِيْحِ الْبُخَارِيِّ: جِهَادُ الْمَرْءِ نَفْسَهُ هُوَ الْجِهَادُ الأَكْمَلُ.

ذَكَرَهُ الْعَيْنِيُّ فِي الْعُمْدَةِ وَابْنُ حَجَرٍ الْعَسْقَلَانِيُّ فِي الْفَتْحِ.

इमाम इब्ने बत्ताल 'शरह़ु सह़ीह़ुल बुख़ारी' में कॅहते हैं: इन्सान का अपनी नफ़्सानी ख़्वाहिशात के ख़िलाफ़ जिहाद ही कामिल तरीन जिहाद है।

9: أبو القاسم الاصفهاني في محاضرات الاد ء ومحاورات الشعراء والبلغاء، ١ /٦١٣.

10: ابن بطال في شرح صحيح البخارى، كتاب الرقاق، ب من جاهد نفسه في طاعة ا ، ١٠ /٢١٠، والعيني في عمدة القاري شرح صحيح البخاري، كتاب الرقاق، ب من جاهد نفسه في طاعة ا ، ٢٣ /٨٧، وابن حجر العسقلاني في فتح الباري شرح صحيح البخاري، كتاب الرقاق، ب من جاهد نفسه في طاعة ا ، ١١ /٣٣٨.

इसे इमाम बदरुद्दीन अल अ़ैनी ने 'उ़म्दतुल क़ारी' में और हाफ़िज़ इब्ने ह़जर अल अ़स्क़लानी ने 'फ़त्ह़ुल बारी ' में बयान किया है।

4/11. **عَنْ عَبْدِ اللهِ بْنِ مَسْعُودٍ رَضِيَ اللهُ عَنْهُمَا، قَالَ:** قَالَ رَسُولُ اللهِ صَلَّى اللهُ عَلَيْهِ وَآلِهِ وَسَلَّمَ: مَا تَعُدُّونَ الصُّرَعَةَ فِيكُمْ؟ قَالَ: قُلْنَا: الَّذِي لَا يَصْرَعُهُ الرِّجَالُ. قَالَ: لَيْسَ بِذٰلِكَ، وَلٰكِنَّهُ الَّذِي يَمْلِكُ نَفْسَهُ عِنْدَ الْغَضَبِ.

مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ وَاللَّفْظُ لِمُسْلِمٍ.

सय्यिदुना अ़ब्दुल्लाह बिन मस्ऊ़द رَضِيَ اللهُ عَنْهُ **रिवायत करते हैं** कि रसूलुल्लाह صَلَّى اللهُ عَلَيْهِ وَعَلَى آلِهِ وَسَلَّمَ ने फ़रमाया: तुम पहलवान किसे समझते हो? रावी बयान करते हैं: हम ने अ़र्ज़ किया: जिसे लोग पछाड़ न सकें। आप صَلَّى اللهُ عَلَيْهِ وَعَلَى آلِهِ وَسَلَّمَ ने (येह सुन कर) फ़रमाया: पहलवान वोह शख़्स नहीं है बल्कि पहलवान वोह है जो ग़ुस्से के वक़्त अपने नफ़्स पर क़ाबू रख सके (या'नी अपने ग़ैज़ो ग़ज़ब को ज़ब्त कर के नफ़्स को पछाड़ दे)।

येह ह़दीष मुत्तफ़क़ अ़लैह है जबकि अल्फ़ाज़ मुस्लिम के हैं।

11: أخرجه البخاري في الصحيح، كتاب الأدب، ب الحذر من الغضب، ٥/ ٢٢٦٧، الرقم /٥٧٦٣، ومسلم في الصحيح، كتاب البر والصلة والآداب، ب فضل من يملك نفسه عند الغضب، ٤ /٢٠١٤، الرقم /٢٦٠٩، وأحمد بن حنبل في المسند، ١ /٣٨٢، الرقم /٣٦٢٦، وأبو داود في السنن، كتاب الأدب، ب من كظم غيضا، ٤ /٢٤٨، الرقم /٤٧٧٩، وابن حبان في الصحيح، ٧ /٢١٤، الرقم /٢٩٥٠، وابن أبي شيبة في المصنف، ٥ /٢١٦، الرقم /٢٥٣٧٨، وأبو يعلى في المسند، ٩ /٩٦، الرقم /٥١٦٢، والبيهقي في السنن الكبرى، ٤ /٦٨، الرقم /٦٩٣٧، وأيضا ١٠ /٢٣٥، الرقم /٢٠٨٧٤.

5/12. وَفِي رِوَايَةٍ لِلْبُخَارِيِّ: قَالَ رَسُولُ اللهِ صَلَّى اللهُ عَلَيْهِ وَ آلِهِ وَسَلَّمَ : لَيْسَ الشَّدِيدُ بِالصُّرَعَةِ، إِنَّمَا الشَّدِيدُ الَّذِي يَمْلِكُ نَفْسَهُ عِنْدَ الْغَضَبِ.

رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ وَأَحْمَدُ وَالنَّسَائِيُّ فِي السُّنَنِ الْكُبْرٰى وَمَالِكٌ.

और इमाम बुख़ारी की बयान कर्दा रिवायत के अल्फ़ाज़ कुछ यूँ हैं कि रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: पहलवान वोह शख़्स नहीं जो लोगों को पछाड़ दे, पहलवान वोह है जो ग़ुस्से के वक़्त ख़ुद को क़ाबू में रख सके।

इसे इमाम बुख़ारी, अह़मद, नसाई ने 'अस्सुननुल कुबरा' में और मालिक ने रिवायत किया है।

6/13. عَنْ أَبِي ذَرٍّ رَضِيَ اللهُ عَنْهُ، قَالَ: سَأَلْتُ رَسُوْلَ اللهِ صَلَّى اللهُ عَلَيْهِ وَ آلِهِ وَسَلَّمَ : أَيُّ الْجِهَادِ أَفْضَلُ؟ قَالَ: أَنْ تُجَاهِدَ نَفْسَكَ وَهَوَاكَ فِي ذَاتِ اللهِ عَزَّوَجَلَّ.

